हरियाणा पुलिस वेब पोर्टल पर 'ई-श्रद्धांजलि' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

17 जून, 2022 को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने हरियाणा पुलिस वेब पोर्टल पर 'ई-श्रद्धांजलि' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- हरियाणा पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू की गई इस सुविधा में भारत के वीर (पुलिस शहीदों की सूची), यूजर्स मैसेज, जो पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाना है, आदि जैसे विकल्प उपलब्ध हैं।
- इस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करते हुए डीजीपी ने कहा कि 'ई-श्रद्धांजलि' सुविधा सभी को आंतरिक सुरक्षा को मज़बूत करने में बहादुर व जांबाज शहीद पुलिस जवानों के योगदान को याद करने के लिये एक ऑनलाइन मंच प्रदान करेगी।
- अब सभी अधिकारी व जवानों सहित अन्य नागरिकों को 1 नवंबर, 1966 से हरियाणा राज्य के अस्तित्व में आने के बाद कर्त्तव्य परायणता के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले हरियाणा के तमाम वीर व जांबाज पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये यह सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध होगी।
- नागरिक हरियाणा पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट **www.haryanapolice.gov.in** पर जाकर होमपेज पर प्रदर्शित 'ई-श्रद्धांजलि' विकल्प का चयन कर पुलिस के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। उपयोगकर्त्ता शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये संदेश भी लिख सकते हैं, जिसे आगे वेबपेज पर प्रदर्शित किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-e-shraddhanjali-platform-on-haryana-police-web-portal